बरेली, शनिवार
16 मई 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO.- IV : BOTTOM

एसआरएमएस अकादमी ने सात विकेट से लखनऊ को हराया

एसआरएमएस मैदान में बल्लेबाजी कर रहे खिलाड़ी • सौ. आयोजक

- एसआरएमएस भोजीपुरा में चल रही तीन दिवसीय प्रतियोगिता
- संदीप क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम कुल 53 रन पर सिमटी

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संदीप क्रिकेट अकादमी लखनऊ को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज की। मैच में एसआरएमएस के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने संतुलित प्रदर्शन करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।

पहले बल्लेबाजी करते हुए संदीप क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 13.5 ओवर में मात्र 53 रन पर सिमट गई। टीम के बल्लेबाज एसआरएमएस के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सके। शुरुआत से ही गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा, जिसके चलते विपक्षी टीम लगातार विकेट गंवाती रही। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की ओर से अमन बघेल ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 15 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उनकी सटीक लाइन और लेंथ के सामने बल्लेबाज खुलकर शाट नहीं खेल सके। शानदार प्रदर्शन के लिए अमन बघेल को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। 54 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने संयमित शुरुआत की। बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में रन बनाए और 9.4 ओवर में तीन विकेट खोकर 59 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही सकारात्मक रवैया अपनाया और मैच को एकतरफा बना दिया। इस जीत के साथ एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। वहीं संदीप क्रिकेट अकादमी को कमजोर बल्लेबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा। इस दौरान मनीष कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।